



# रघुनंदन दीनदयाल हो तुम, श्रीराम तुम्हारी जय होवे...

## 12 बजते ही मंदिर और घरों में गूंजा जय श्रीराम का जयकारा, धूमधाम से मना श्रीराम नवमी पर्व



**शाजापुर। भए प्रगट कृपाला दीनदयाला, कौसल्या हितकारी, हरषित महतारी, मुनि मन हारी, अद्भुत रूप बिचारी... इन चौपाइयों के साथ शहरवासियों ने अपने आराध्य मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम की स्तुति कर उन्हें आस्था का भोग लगाया। अवसर था श्रीराम प्रकटोत्सव का, जिसे शहरवासियों ने उत्साह और उल्लास के साथ मनाया। इस दिन सुबह से देर रात तक**



शहरवासियों ने भगवान श्रीराम का गुणगान किया।



अलसुबह से ही घरों ओर मंदिरों में प्रभु श्रीराम के जन्मोत्सव को लेकर तैयारियां शुरू हो चुकी थी। इंतजार था, तो घड़ी के कांटे मिलने का। जैसे ही घड़ी के कांटे आपस में मिले, पूरा शहर शंख, घंटाल और प्रभु श्रीराम के जयकारों से गूंज उठा। वहीं पूरा शहर श्रीराम मंदिरों में उमड़ पड़ा। कहीं-कहीं पर प्रभु श्रीराम, माता सीता, लक्ष्मण जी और हनुमान जी का अभिषेक कर श्रृंगार किया गया। तो कहीं पर महाआरती कर प्रसादी वितरण किया गया, तो कई स्थानों पर धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में शहरवासी शामिल हुए और प्रभु श्री राम का गुणगान किया।

### पूर्णाहुति के साथ नवरात्रि का समापन

पिछले 9 दिनों से शहरवासी शक्ति की भक्ति में लगे हुए थे, जिसका नवमी को समापन हो गया और भक्तों ने माता को भारी मन से विदाई दी. इस दिन पूर्णाहुति का भी आयोजन हुआ, जिसमें भक्तों ने आहूति डाल सुख-समृद्धि और विश्व कल्याण की कामना की. वहीं नगर में नवदुर्गा स्वरूप कन्याओं को भोजन कराकर उनका आशीर्वाद लिया गया. पूरे शहर में दिनभर कन्याओं के पूजन का दौर चलता रहा और नगरवासियों ने कन्याओं का पैर पूजन कर आशीर्वाद भी लिया.

### दोपहार 12 बजते ही गूंजे शंख और घड़ियाल

अलसुबह से शहरवासी पर्व की तैयारियों में जुट गए थे. जैसे ही घड़ी में दोपहर के 12 बजे, पूरे शहर में शंख, घंटे व घड़ियाल की ध्वनियां सुनाई देने लगी और लोगों ने पूरे उत्साह के साथ प्रभु श्रीराम का स्वागत किया. शरद नगर स्थित श्रीराम मंदिर में नागरिकों ने आरती में शामिल होकर प्रभु का आशीर्वाद लिया. इसके बाद प्रसादी वितरण किया गया.

## दोपहर बारह बजते ही मंदिरों में बजी घंटियां होने लगी आरती

**नलखेड़ा। राम मंदिरों में सुबह से भक्तों ने नवरात्रि के अंतिम दिन रामनवमी के पावन पर्व पर सुबह से ही भक्तों का ताता लगा रहा।**

नगर में स्थित चौथमल जी मंदिर, पंचमुखी हनुमान मंदिर, राठौर समाज के राम मंदिर, श्री पायगा वाले हनुमान मंदिर, मूर्ति श्रीराम मंदिर धर्मशाला आदि पर दोपहर की 12 बजते ही राम व हनुमान मंदिरो में घंटी घड़ियाल की आवाज के साथ ही आरती होने लगी। इसके बाद राम मंदिरों में भगवान श्रीराम की स्तुति गाई भए प्रकट कृपाला दीनदयाला, कौशलया हितकारीकी जैसी चैपाईयां देवालयों में गूंजने लगी। भगवान श्रीराम के दर्शन करने बड़ी संख्या में श्रद्धालू मंदिर में जुटे। मंदिरों में पूजा-पाठ के साथ भजन।

कीर्तन सहित विभिन्ना कार्यक्रम हुए। मंदिरों में दोपहर 12 बजे ही मंदिरों में महा आरती की गई। महिलाओं द्वारा घरों व मंदिरों में रामलला को पालने में झूलाकर मंगल गीत गाए गए।अनेक स्थानों पर रामायण पाठए सुंदरकांड आदि के धार्मिक आयोजन हुए। इस मौके पर राम मंदिरों में भगवान का विशेष श्रृंगार किया गया एवं मंदिरों को विद्युत पुष्प सज्जा से सजाया गया। इसके अलावा महाआरती पश्चात महाप्रसाद का वितरण भी किया गया।

## मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के लगे जयकारे

### देवालयों में हुए आयोजन, सिटी में चल समारोह निकला

**शुजालपुर। नगर सहित अंचलों में शुक्रवार को मर्यादा पुरूषोत्तम भगवान श्रीरामचन्द्र का जन्मोत्सव श्रद्धाभाव से मनाया गया। इस पर्व के चलते देवालयों में दोपहर को पूजा अर्चना की गई। मंडी क्षेत्र स्थित श्रीराम मंदिर सहित सिटी के टीला स्थित माली समाज श्रीराम मंदिर व नेमा समाज के मंदिर व अन्य देवालयों में आकर्षक साज सज्जा की गई। शुक्रवार की दोपहर को मंदिरों के पट खोलकर जन्मोत्सव मनाते हुए महाआरती का आयोजन हुआ।**



राम मंदिर मंडी में बड़ी सख्या में श्रद्धालुओं सहित अन्य जनप्रतिनिधि महाआरती में शामिल हुए। इस दौरान भजनों की प्रस्तुति पर भक्ति भाव में जनप्रतिनिधि थिरकते नजर आए। यहां पर भगवान के जयकारे जमकर गूंजे। इसी प्रकार चेत्र नवरात्रि का समापन भी शुक्रवार को हुआ। नवरात्रि में चल रहे धार्मिक अनुष्ठानों को पुर्णाहूति नवमी पर दी गई। दुर्गा मंदिर सहित जटाशंकर मंदिर अन्य देवालयों में यज्ञ का आयोजन भी हुआ। मंदिरों एवं कई घरों में कन्या पूजा व कन्या भोज का आयोजन भी किया गया। उधर जामनेर स्थित मां महिषासुर मर्दिनी माता मंदिर में भी धार्मिक आयोजन हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया।

**माली समाज ने निकाला विशाल चल समारोह...**

शुक्रवार की शाम को सिटी क्षेत्र में फूलमाली समाज ने भगवान श्रीराम का भव्य चल समारोह निकाला। यह चल समारोह टीला स्थित राम मंदिर से भगवान के जयकारों के साथ प्रारंभ हुआ। इस चल समारोह में बड़ी संख्या में समाजजनों ने भाग लिया। साथ ही भगवान की झांकी भी आकर्षक रूप से सजाई गई। यह चल समारोह सिटी क्षेत्र के प्रमुख मार्गो से गुजरा। इस दौरान विभिन्न जनप्रतिनिधियों व सामाजिक संगठनों ने चल समारोह का स्वागत किया गया। चल समारोह में माली समाज के युवाओं ने हेरत अंगेज करतबों का प्रदर्शन भी किया। यह चल समारोह रायकनपुरा स्थित हनुमान मंदिर के पीछे फूलमाली समाज के प्रस्तावित मांगलिक भवन स्थल पर महाआरती के साथ सम्पन्न हुआ, चल समारोह उपरांत भंडारे का आयोजन किया गया। साथ ही कुछ जोड़ों का विवाह भी सम्पन्न हुआ।

**श्रीराम जानकी धाम में भी किया गया आयोजन**

नेमा समाज स्थित श्री राम जानकी धाम में प्रभु श्री राम का जन्मोत्सव बड़े ही हर्षोल्लास और श्रद्धा भाव के साथ मनाया गया। इस अवसर पर मंदिर में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी और पूरा वातावरण जय श्री राम के उद्घोष से गूंज उठा। कार्यक्रम की शुरुआत नवरात्रि घटस्थापना के अंतर्गत मां दुर्गा दरबार के समक्ष विधि-विधान से हवन पूर्णाहुति के साथ हुई। इसके पश्चात ठीक 12 बजे श्री राम दरबार के पट खुलते ही भक्तों में प्रभु के दर्शन की झलक पाने की उत्सुकता साफ दिखाई दी। पट खुलते ही श्रद्धालुओं ने जयघोष के साथ भगवान श्री राम का स्वागत किया। दर्शन के साथ ही आरती का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। आरती के बाद प्रभु के जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में मंगल गान एवं भजन प्रस्तुत किए गए, जिससे माहौल भक्तिमय हो गया। अंत में प्रसाद वितरण किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में राम भक्तों ने सहभागिता कर जन्मोत्सव का आनंद लिया।

## मां बगलामुखी के आंगन में रामनवमी पर लगा भक्तों का मेला

### नवरात्रि के अंतिम दिन हजारों कन्याओं को कन्या भोज

**नलखेड़ा। चैत्र नवरात्रि के दिन रामनवमी पर पीतांबरा सिद्धपीठ मां बगलामुखी मंदिर सहित आसपास के क्षेत्रों में स्थित माता मंदिरों पर पूरे दिन श्रद्धालुओं की लबी कतारें दर्शन एवं पूजा अर्चना के लिए लगी रही। देश प्रदेश के कई स्थानों से श्रद्धालु यहां पहुंचे।मंदिरों में कन्याभोज, पूजन, भजन कीर्तन, हवन, जप तप, अनुष्ठान चलते रहे। देर रात तक दर्शनार्थियों का आना जाना लगा रहा। मां बगलामुखी का मनमोहक स्वर्ण श्रृंगार किया गया।**

**हवन अनुष्ठान की पूर्णाहुति में आहुतियां प्रदान कर भक्तों ने धर्मलाभ लिया। माता को पकवानों का विशेष भोग लगाया, नवमी पर लोगों ने अपने अपने घरों पर भी माता की पूजा अर्चना की।**



शुक्रवार को माता मंदिर पर नवरात्र पर्व के अंतिम दिन महानवमी पर पीतांबरा मां बगलामुखी के आंगन में पीतांबरा सेवा समिति के सदस्यों द्वारा भंडारा शेड क्षेत्र में कई कन्याओं का कुमकुम अक्षत से पूजन किया। कन्याओं को प्रसादी कन्या भोज का कराया गया। इसके पूर्व समिति के सदस्यों द्वारा नवरात्र पर्व के दौरान प्रतिदिन भंडारा शेड क्षेत्र में होने वाला हवन भी मंत्रोच्चार की मंगल ध्वनियों के साथ विधिपूर्वक संपन्न किया। बड़ी संख्या में नगर सहित आसपास के क्षेत्रों में हुई कन्याओं का पूजन कर उन्हें कन्याभोज कराया गया, इसके बाद नवरात्रि में मंदिर के पास चल रहे विशाल निशुल्क भंडारे में आगंतुक श्रद्धालुओं को समिति के सदस्यों और कार्यकर्ताओं द्वारा भोजन व फलाहार कराया गया, यहां बड़ी संख्या में लोगों ने भंडारा परिसर में महाप्रसादी ग्रहण की।

**वीआईपी का लगा रहा आना जाना**

मां के दरबार नवरात्र में शुक्रवार को माता मंदिर में भक्तों की भीड़ के साथ कहीं वीआईपी भी माता के दरबार में दर्शन करने पहुंचे, जहां पर कहीं न्यायाधीश व कई राजनेता मंत्री माता मंदिर पहुंचे, जहां उन्होंने मंत्र उच्चारण के साथ पूजा अर्चना की।

**प्रशासन में देखिए व्यवस्थाएं**

चैत्र नवरात्रि के नवमी के दिन भारी भीड़ एवं कई अधिकारियों के आवागमन को देखते हुए प्रशासन सतर्क रहा। प्रातः काल से ही तहसीलदार प्रियंक श्रीवास्तव, थाना प्रभारी नागेश यादव, पटवारी रामपाल सिंह तोमर, पटवारी मुकेश चौहान सहित कई प्रशासनिक अधिकारी एवं कर्मचारी अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन करते हुए दिखाई दिए।

### रामनवमी पर प्रभात फेरी में निकली नवदुर्गा

श्रीराम संकीर्तन मंडल द्वारा नगर में प्रतिदिन ब्रह्म मुहूर्त में प्रभातफेरी निकाली जा रही है। प्रभातफेरी में मंडल के सदस्य प्रत्येक त्यौहार पर उस त्यौहार की महता के अनुसार झांकी अथवा कार्यक्रम का आयोजन कर रहे हैं। नवरात्रि के अंतिम दिन रामनवमी पर नवदुर्गा की झांकी निकाली गई। रविवार को नवरात्रि के अंतिम दिन रामनवमी पर प्रभातफेरी में नवदुर्गा की वेश में नौ युवतियां शामिल थी। प्रभातफेरी में शामिल भक्त माता के भजनों के साथ ही नवदुर्गा के भजन गाते चल रहे थे। प्रतिदिन अनुसार प्रभातफेरी प्रातः 5 ।30 बजे चौक बाजार से प्रारंभ हुई, नगर के के प्रमुख मार्गों का भ्रमण कर पुनः चौक बाजार पहुंची। चौक बाजार में श्री पंचमुखी हनुमान मंदिर पर श्रीराम स्तुति के साथ प्रभातफेरी का समापन हुआ।



## जनगणना 2027 के लिए द्वितीय दिवस प्रशिक्षण आयोजित

**शाजापुर।** प्रमुख जनगणना अधिकारी एवं कलेक्टर ऋजु बाफना की अध्यक्षता में गत दिवस जनगणना 2027 के अंतर्गत फील्ड ट्रेनर एवं चार्ज अधिकारी के प्रशिक्षण के दूसरे दिन मकानों के सूचीकरण एवं मकानों के गणना के दौरान पूछे जाने वाले प्रश्नों के उत्तर की प्रविष्टि करने का व्यवहारिक प्रशिक्षण दिया गया। कलेक्टर सुश्री बाफना ने सभी अधिकारियो से उक्त प्रशिक्षण को अच्छी तरीके से प्राप्त करने के लिए कहा। साथ ही उन्होंने आपसी समन्वय से कार्य करते हुए समय सीमा के भीतर प्रशिक्षण, संसाधन प्रबंधन, तकनीकी समन्वय एवं मैदानी अमले की तैयारी पूर्ण करने के निर्देश दिए। द्वितीय दिवस प्रशिक्षण मास्टर ट्रेनर्स भोपाल से आई सुश्री साक्षी कुमावत व डॉ। वीपी मीणा द्वारा दिया गया। इस अवसर पर जिले के प्रभारी मिलिन्द देशपाण्डे, अनुविभागीय अधिकारी शाजापुर सुश्री मनीषा वास्कले, शुजालपुर राजकुमार हलदर, गुलाना सुश्री नेहा गंगारे, डिप्टी कलेक्टर आलोक वर्मा व श्रीमती अंकिता पाटकर सहित चार्ज स्तर पर ग्रामीण चार्ज अधिकारी, अतिरिक्त चार्ज अधिकारी, नगरीय, नगरपालिका, नगर परिषद के मुख्य नगरपालिका अधिकारी एवं समस्त फील्ड ट्रेनर्स उपस्थित थे।

## प्रवेश उत्सव 2026 की तैयारियों को लेकर बैठक आयोजित

### दो पालियों में की गई मीटिंग, नामांकन बढ़ाने और एफएलएन कक्षाओं पर विशेष जोर

**शुजालपुर। प्रवेश उत्सव 2026 की तैयारियों को लेकर 25 एवं 26 मार्च को शिक्षकों की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक विकास खंड शिक्षा अधिकारी एवं शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय शुजालपुर नगर के प्राचार्य की अध्यक्षता में दो पालियों में संपन्न हुई। आयोजन शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय शुजालपुर नगर में किया गया।**

कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलन के साथ हुआ। बैठक में 1 अप्रैल को आयोजित होने वाले प्रवेश उत्सव, नामांकन अभियान, हमारे शिक्षक ऐप पर विद्यार्थियों की सहमति, असहमति दर्ज करने, विद्यालयों की भौतिक जानकारी अपलोड करने, पाठ्यपुस्तक एवं साइकिल वितरण, इको क्लब संचालन, एफएलएन कक्षाओं के प्रभावी संचालन एवं एफएलएन मेला आयोजन जैसे विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। कार्यक्रम में



जनपद शिक्षा केंद्र से बीएसी राकेश पांचाल, रोशन परमार, साक्षरता समन्वयक मनराज परमार सहित समस्त जनशिक्षक उपस्थित रहे। तकनीकी सहयोग में कपिल जैन, दीपक विश्वकर्मा एवं दीपक नेमा का विशेष योगदान रहा। संचालन संजय देशमुख ने किया।

**नामांकन बढ़ाने पर दिया जोर**

विकास खंड स्त्रोत समन्वयक सुरेंद्र गोखले ने पिछले सत्र की चुनौतियों को दूर करने पर बल देते हुए एफएलएन कक्षाओं के बेहतर संचालन तथा राज्य शिक्षा केंद्र के लक्ष्यों के अनुरूप विद्यार्थियों की दक्षता सुनिश्चित करने का आह्वान किया। उन्होंने कक्षा 1 में नामांकन बढ़ाने के लिए लक्ष्य निर्धारित करते हुए अतिरिक्त विद्यार्थियों के प्रवेश के निर्देश दिए। विकासखंड शिक्षा अधिकारी हर्षवर्धन चतुर्वेदी ने सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं को तकनीकी रूप से दक्ष बनने एवं पोर्टल संबंधी कार्य समय पर पूर्ण करने के निर्देश दिए।

### अनुपस्थित शिक्षकों पर होगी कार्रवाई...

बैठक के प्रथम चरण में जनशिक्षा केंद्र अकोदिया, अवंतिपुर बड़ोदिया एवं पोलायकलां के 65 में से 63 शिक्षक उपस्थित रहे, जबकि प्राथमिक विद्यालय उमर सिंघी एवं हाई स्कूल देवली के शिक्षक अनुपस्थित रहे। द्वितीय चरण में जनशिक्षा केंद्र कन्या शुजालपुर, बालक शुजालपुर एवं कन्या मंडी के 115 में से 113 विद्यालयों की उपस्थिति रही। मावि। धौलपुर एवं मावि। उण्डाई के शिक्षक अनुपस्थित पाए गए। अनुपस्थित विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों को कारण बताओ नोटिस जारी किए जाएंगे।

## जल संरक्षण की महत्ता को समझाया




**शाजापुर।** मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद् जिला शाजापुर के कुशल नेतृत्व में, जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत, जलशक्ति से नव भक्ति भावना को संजोए भगवान राम के प्राकट्य दिवस पर श्रीराम मंदिर ग्राम टिगरिया में भगवान राम की पूजा-अर्चना कर दीप प्रज्जवलन करते हुए प्रस्फुटन समिति अध्यक्ष राहुल राजपूत, श्रृद्धालु ग्रामीणजन, मातृ शक्ति, बीएसडब्ल्यू की छात्राओं के साथ मेंटर्स कामिनी शर्मा द्वारा जल संरक्षण की महत्ता को समझाते हुए जल को व्यर्थ न बहाने, प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण करने, पुराने कुएं, बावड़ी का जीर्णोद्धार करने, साथ ही जल के पुनः प्रयोग पर बल देते हुए एक संवादी चौपाल का आयोजन कर जल संरक्षण की सामूहिक शपथ दिलाई गई। साथ ही जल संरक्षण के नारों के साथ जय सियाराम का उद्घोष किया गया। इसके बाद कलश के जल को ले जल संरक्षण का पवित्र संकल्प लिया गया।

**एक नजर में** — कई महत्वपूर्ण क्षेत्रों में आई अपराधों में कमी

## जिले के सबसे लंबे कार्यकाल वाले एसपी बने यशपाल सिंह

**शाजापुर। शाजापुर जिले में सबसे लंबे कार्यकाल के लिए याद रखे जाएंगे एसपी यशपालसिंह। जिले के 34 वें एसपी के रूप में पदभार ग्रहण किया था और अब तक तीन साल का कार्यकाल पूरा करने वाले यशपालसिंह शाजापुर जिले के पहले ऐसे एसपी बने, जिन्होंने तीन साल से अधिक का कार्यकाल पूरा किया।**

गौरतलब है कि अमूमन शाजापुर जिले में कलेक्टर और एसपी का लगभग दो से ढाई साल का कार्यकाल रहा है। पंकज श्रीवास्तव, आरबी शर्मा के बाद सबसे लंबा कार्यकाल यशपालसिंह राजपूत ने पूरा किया। उनके कार्यकाल की बात करें तो शाजापुर जिले में मुख्यमंत्री हेल्पलाईन में शाजापुर जिला पुलिस दृष्टि से टॉप थ्री रहा तो सीसीटीएनएस रैंकिंग में पूरे प्रदेश में टॉप फाईव में जिला रहा। पासपोर्ट बनवाने के मामले में भी जिला प्रदेश में तीसरे नंबर पर रहा।



### प्रकरण निराकरण में प्रदेश में पांचवे स्थान पर

तीन साल का कार्यकाल पूरा होने पर यशपालसिंह राजपूत के इस कार्यकाल में अजा व अजजा प्रकरणों के निराकरण में शाजापुर जिला पूरे प्रदेश में पांचवे स्थान पर रहा। अजा व अजजा वर्ग द्वारा कराई शिकायत या एफआईआर के बाद आरोपियों पर तुरंत कार्रवाई और अजा व अजजा वर्ग के लोगों को कानूनी सहायता तत्काल मिले इसकी व्यवस्था उनके कार्यकाल में रही।

### पुलिस महकमे में अधीनस्थों को हमेंशा मिली राहत

शाजापुर पुलिस महकमे में बीते तीन सालों में पुलिससहकर्मी और थाने में पदस्थ बल को कभी भी पुलिस अधीक्षक ने बेवजह परेशान नहीं किया। किसी भी कर्मचारी के खिलाफ कभी कोई सजा या गंभीर सजा नहीं सुनाई। लेकिन दूसरी और अवकाश देने के मामले में पुलिस अधीक्षक थोड़े सख्त रहे और जिले के पुलिस महकमे में अवकाश देने को लेकर जरूर यह चर्चा आम रही है कि यदि साहब अवकाश देना शुरू कर दें तो सौ में सौ अंक उनकी कार्यप्रणाली को मिल जाएंगे।

## नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन आज

**शुजालपुर।** सेवा सदन नेत्र जांच केंद्र द्वारा 28 मार्च को एक दिवसीय निःशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर शुजालपुर मंडी स्थित सरकारी अस्पताल के सामने प्रातः 10 बजे से सायं 6 बजे तक आयोजित होगा। शिविर में विशेष रूप से पुलिस विभाग के समस्त अधिकारी, कर्मचारियों एवं उनके परिवारजनों के लिए निःशुल्क नेत्र परीक्षण की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। इसके साथ ही शिविर में ब्लड शुगर एवं ब्लड प्रेशर की जांच भी निः शुल्क की जाएगी।शिविर का उद्देश्य पुलिस विभाग से जुड़े कर्मचारियों और उनके परिवारों के स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा समय रहते आंखों से संबंधित रोगों की पहचान कर उचित परामर्श प्रदान करना है।